Seventeenth Loksabha

>

Title:Request to open an Office of All India Council for Technical Education in Chhattisgarh.

श्री विजय बघेल (दुर्ग): सभापति महोदय, छत्तीसगढ़ राज्य बनने के उपरान्त छत्तीसगढ़ के आसपास के राज्यों के विभिन्न अभियांत्रिकी महाविद्यालयों को तकनीकी शिक्षा से संबंधित काउंसिल के कार्यों को संपादित करने और संस्थागत निरीक्षण संबंधित आवश्यक दस्तावेजों को जमा करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है । काउंसिल के बनने से छत्तीसगढ़ के आसपास के राज्यों के अभियांत्रिकी से संबंधित विभिन्न पाठ्यक्रमों का संधारण किया जा सकेगा तथा आदिवासी बाहुल्य जिलों में आवश्यकतानुसार तकनीकी पाठ्यक्रम प्रारम्भ किए जा सकेंगे । मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करूंगा कि अतिशीघ्र ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन का क्षेत्रीय कार्यालय छत्तीसगढ़ में खोलने की कृपा करें ।